वार्षिक युवा महोत्सव ऊर्जा -2024 का समापन

देहरादून/गोपेश्वर। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौधोगिकी विश्वविद्यालय के परिसर संस्थान, गोपेश्वर में आयोजित त्रिदिवसीय वार्षिक युवा महोत्सव ऊर्जा - 2024 का समापन हुआ 7 इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो.अमित अग्रवाल ने कुलपति प्रो.ओंकार सिंह को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। प्रो. अग्रवाल ने कहा कि परिसर संस्थान, गोपेश्वर कुलपति प्रो. ओंकार सिंह के कुशल नेतृत्व में विकास की ओर अग्रशील है और संस्थान के छात्र शिक्षा, रोजगार और पाठ्येत्तर गतिविधियों के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। निदेशक महोदय ने सभी उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को संबोधित कर महोत्सव की सफलता का श्रेय सभी शिक्षकों और छात्रों को दिया। साथ ही इस वार्षिक युवा महोत्सव में विभिन्न तकनीकी, सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं को आयोजित कराया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. ओंकार सिंह ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों को विश्वविद्यालय के परिसर संस्थान के रूप में प्रख्यापित किये जाने पर गर्व महसूस करने को कहा। उन्होंने इस अवसर पर सभी छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान अर्जित कर विश्व पटल पर उभरती मांग के सापेक्ष स्वयं को दक्ष करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने समस्त छात्रों को सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक समय ज्ञान अर्जित करने पर बल दिया जिससे छात्रों का न मात्र सशक्तिकरण होगा बल्कि छात्रो को उन्नत भविष्य को तैयार करने में भी मदद मिलेगी।

इस कार्यक्रम में नृत्य और गायन की धूम रही। छात्र-छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने संस्थान भ्रमण के दौरान प्रयोगशालाओं के समुचित रख रखाव के निर्देश दिए और प्रयोगात्मक कक्षा संचालन में गुणात्मक सुधार की अपेक्षा की। प्रयोगात्मक उपकरणों को छात्रों के ग्रीष्मकालीन प्रोजेक्ट हेतु भी उपयोग करने की अपेक्षा की गई। प्रो. सिंह ने अंतिम वर्ष के छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और सभी को अपनी क्षमताओ की पहचान कर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और शिक्षकों को छात्रों को प्रयोगात्मक शिक्षा के माध्यम से अपने-अपने विषय मे तैयार कराने की विशेष जिम्मेदारी दी तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित एक्सीलेंस विद अकाउंटेबिलिटी के लक्ष्य प्राप्ति में अपनी भूमिका अदा करने की अपेक्षा की। इस महोत्सव के सभी विजेता छात्र-छात्राओं को कुलपति प्रो.ओंकार सिंह के कर कमलों से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। युवा महोत्सव के ओवरआल विजेता डा.एपीजे अब्दुल कलाम हाउस की टीम रही। वहीं दूसरी तरफ मिस्टर ऊर्जा का खिताब मैकेनिकल इंजी. के अंतिम वर्ष के छात्र अमन पाराशर और मिस ऊर्जा का खिताब कंप्यूटर इंजीनियरिंग की तृतीय वर्ष की छात्रा मिस चंचल चौहान को मिला।

क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरय्या हाउस से पंकज की टीम को मिला। कबड्डी में भी सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरय्या हाउस से पुरुष वर्ग में सूर्यकांत की टीम तथा महिला वर्ग में डा.एपीजे अब्दुल कलाम हाउस से तनीषा की टीम को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। वॉलीबाल टूर्नामेंट में सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरय्या हाउस से उत्कर्ष की टीम अव्वल रही। इसी प्रकार सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में लोक नृत्य में सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरय्या हाउस से मयंक की टीम, नाट्य प्रतियोगिता में डा. एपीजे अब्दुल कलाम हाउस से रजत की टीम, कविता पाठ में सर जेसी बोस हाउस से जयदीप उनियाल, रील मेकिंग में सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरय्या हाउस से सपना और देवाशीष, फोटोग्राफी में सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरय्या हाउस से निखिल और देवाशीष को प्रथम पुरस्कार मिला।

इस कार्यक्रम में संस्थान के छात्र कल्याण के कुलसचिव संदीप कंडवाल, अधिष्ठाता अरुण नेगी, खेल समन्वयक सूरज सिंह, सांस्कृतिक समन्वयक मीनू चिनवाण, टेक्निकल कोऑर्डिनेटर विवेक उनियाल, वरुण प्रभाकर, जगनन्दन नेगी, आशीष चंद्रा, मोनिक बर्थवाल, अभिषेक अग्रवाल, प्रदीप चंद्रा आदि का विशेष योगदान रहा। साथ ही छात्र समन्वयक शिवांकित अग्रवाल, मयंक, सपना, आशुतोष, हर्ष, निखिल, आयुष शर्मा, ऋषभ, कुणाल, ममता जोशी, चंचल चौहान, प्रांजुल, दिव्यांशु साह, अंजलि, सचिन जोशी, इत्यादि ने कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया।